आवश्यकता है

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928, 8319964648



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 124 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 14 फरवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया



हार्ट केयर

श्री सिद्धि विनायक

अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध

हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम

हृदय रोग विशेषज्ञ



डॉ. पवन मेहता

MBBS, M.D. (Medicine) | DM (Cardiology)

Consultant Intervational Cardiology

परामर्श समय - प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक

12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333






# पासपोर्ट कार्यालय: पीएमओ से उद्‌घाटन डेट का इंतजार

## इसी माह पासपोर्ट सेवा केंद्र शुरू होने की संभावना

**मंदसौर, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पासपोर्ट सेवा केंद्र का इंतजार कर रहे मंदसौरवासियों के लिए अच्छी खबर है। मंदसौर में इसी माह पासपोर्ट सेवा केंद्र प्रारंभ हो जाएगा। पासपोर्ट सेवा केंद्र के लिए पांच साल से चल रही जगह चयन की प्रक्रिया पूरी होते ही सब कुछ ठीक हो गया है। पासपोर्ट सेवा केंद्र के लिए कलेक्टर कार्यालय भवन में एक कक्ष मिला है। कागजी प्रक्रिया भी लगभग पूरी हो गई है। अब नए पासपोर्ट सेवा केंद्र में केबिन एवं संसाधन का इंतजाम भी लगभग हो गया है। फिलहाल पीएमओ से उद्घाटन की तारीख का इंतजार स्थानीय अधिकारी कर रहे हैं।

बता दे कि शहर में पासपोर्ट सेवा केंद्र की सुविधा इंतजार के पांच साल बाद अब मिलेगी। शहर सहित पिपलियामंडी में भी पासपोर्ट सेवा केंद्र के लिए जगह देखी गई थी। लेकिन, किसी न किसी कारण से सभी दूर जगह चयनित नहीं हो सकी। इसके बाद आखिरकार कलेक्टर कर्यालय में कक्ष मिल गया है। इस कक्ष में अब टीसीएस कंपनी द्वारा केबिन एवं अन्य कार्य भी लगभग पूरे किए जा चुके हैं। पासपोर्ट सेवा केंद्र को प्रारंभ करने के लिए डाक विभाग के कुछ कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण दिया गया है। पासपोर्ट बनवाने के लिए अभी मंदसौर-नीमच जिले के लोगों को रतलाम, इंदौर व भोपाल तक जाना पड़ रहा है।

### हर डाकघर में भी पासपोर्ट केंद्र के लिए हुई थी तैयारी...

जनवरी 2019 में पासपोर्ट कार्यालय भोपाल से जमीन मांगे जाने पर डाक विभाग ने घंटाघर स्थित डाकघर में डाकियों के लिए बनाए कक्ष में पासपोर्ट कार्यालय शुरू करने का सुझाव भोपाल भेजा था। प्रक्रिया के दौरान 16 जनवरी 2019 को शहर के डाकघर घंटाघर पर पहुंचकर सांसद सुधीर गुप्ता ने इसकी जानकारी ली एवं पासपोर्ट कार्यालय के लिए निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण भी किया था, लेकिन इस सबके बाद भोपाल से हरी झंडी नहीं मिलने के चलते प्रक्रिया रुक गई। नवंबर 2019 में तत्कालीन डाक अधीक्षक आरडी कौरव सहित अधिकारियों ने तत्कालीन कलेक्टर मनोज पुष्प से मुलाकात कर नवीन कलेक्टर कार्यालय भवन में पासपोर्ट सेवा केंद्र एवं डाक सेवाओं के लिए दो कक्ष की मांग की थी। डाक विभाग ने अगस्त 2020 में पिपलियामंडी में स्थित विभाग की बिल्डिंग में पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित करने के लिए प्रस्ताव भेजा था, इस पर भी आगे पहल नहीं हुई थी।

### हर माह आते हैं 100 से अधिक आवेदन...

मंदसौर जिले से प्रतिवर्ष औसतन एक हजार से अधिक लोगों के पासपोर्ट बनते हैं। अधिकारियों के अनुसार प्रतिदिन चार से पांच लोगों के आवेदन आते हैं। मंदसौर से सिंधी समाज एवं बोहरा समाज के लोगों के रिश्तेदार एवं व्यवसाय विदेशों में होने से वे अधिकांश जाते हैं। इसके अलावा खिलचीपुरा और खानपुरा क्षेत्र से भी अधिक आवेदन आते हैं। इसके साथ ही नीमच में भी इतने ही लोग हर साल विदेश जाते हैं। मंदसौर में पासपोर्ट केंद्र खुलने से सुविधाएं बढने से पासपोर्ट के लिए आवेदकों की संख्या भी बढ़ेगी। नीमच जिले के लोगों को भी अब रतलाम, इंदौर, भोपाल नहीं जाना पड़ेगा।

### 2018 में प्रारंभ हुई थी पासपोर्ट सेवा केंद्र की प्रक्रिया...

विदेश मंत्रालय द्वारा सभी जिलों में पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) खोलने की हरी झंडी मिलने के बाद मंदसौर में भी दिसंबर 2018 से प्रयास शुरू हुए थे। प्रारंभ में मुख्य डाकघर परिसर में स्थित खाली पड़ी भूमि को चिह्नित किया गया, लेकिन यह भूमि मापदंडों पर खरी नहीं उतरी। इसके बाद सांसद सुधीर गुप्ता ने मेघदूत नगर में ज्ञानदूत वाचनालय से लगे पुराने परिवहन कार्यालय के भवन में पासपोर्ट कार्यालय स्थापित करने की बात कही थी। इसके लिए नगर पालिका को साफ-सफाई एवं मरम्मत कराने के भी निर्देश दिए गए, लेकिन बाद में आगे पहल नहीं हुई।

### इनका कहना...

पासपोर्ट सेवा केंद्र को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है। कलेक्टोरेट कार्यालय के भवन में इसकी शुरुआत होगी। पीएमओ से उद्‌घाटन की डेट का इंतजार है। सोमवार के बाद कभी भी डेट मिल सकती है। कुल मिलाकर इसी माह सुविधा की शुरुआत हो जाएगी।

**जगदीशप्रसाद शर्मा, अधीक्षक डाकघर, मंदसौर**

# सड़क हादसे में तीन की मौत, तीन युवक गंभीर घायल

## आलोट से सांवलिया सेठ दर्शन के लिए जा रहे थे

**मंदसौर, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नीमच के चौथखेड़ा चौराहे के पास सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में कार सवार तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि, तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रात 1 से 1.30 बजे के बीच की है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार रात को रतलाम जिले के आलोट से 6 दोस्त आर्टिगा कार से सांवलिया सेठ मंदिर के दर्शन के लिए रवाना हुए थे। इसी बीच उनकी कार नीमच बायपास पर चौथखेड़ा चौराहे के समीप आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनके तीन दोस्त गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद सभी घायलों और मृतकों को नीमच के बड़े अस्पताल लाया गया। यहां से दो गंभीर घायलों को राजस्थान के उदयपुर रेफर किया गया। जबकि, एक का नीमच के प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज जारी है। वहीं पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन नीमच पहुंचे हैं, जहां मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनो के सुपुर्द किए गए।

### सांवरिया सेठ के दर्शन का अचानक बना प्लान...

बताया जा रहा है कि हादसे के शिकार हुए सभी युवक तालोत और डाबडिया गांव के रहने वाले थे। इन गांवों के बीच की दूरी महज 2 किलोमीटर है, जिसके चलते इन सभी की आपस में दोस्ती थी। जानकारी के मुताबिक युवक पास के गांव में दोस्त की शादी में शामिल होने का बोलकर करीब 6:30 बजे निकले थे। फिर शादी में से ही अचानक सांवलिया जी दर्शन करने का प्लान बन गया और शादी से रात करीब 10 बजे सभी कार से दर्शन के लिए निकले थे।

### तीनों मृतक परिवार के इकलौते बेटे थे...

मृतक दीपेश पाटीदार, नरेंद्र सिंह और ओमप्रकाश पाटीदार तीनों अपने मां-बाप के इकलौते बेटे थे। वहीं नरेंद्र सिंह के पिता का पहले ही स्वर्गवास हो चुका है। वह अपनी मां और पत्नी का इकलौता सहारा था। नरेन्द्र सिंह और दीपेश पाटीदार की शादी हो चुकी थी। इनमें नरेंद्र का विवाह कुछ महीने पहले ही हुआ था और उसकी पत्नी भी गर्भवती थी।

### हादसे में इनकी हुई मौत...

✻ कचरू उर्फ दीपेश पिता अनोखीलाल पाटीदार उम्र 22 साल ✻ ओमप्रकाश उर्फ भोला पिता नागूलाल पाटीदार उम्र 18 साल ✻ नरेंद्र पिता भवरसिंह राजपूत 22 साल

### यह हुए घायल...

✻ संजय पिता मोहनलाल पाटीदार 23 साल ✻ शैलेंद्र पिता भोपाल सिंह राजपूत 22 साल ✻ धीरज पिता राजेश पाटीदार 20 साल

# कार में डोडाचूरा का परिवहन करने वाले दो तस्करो को 10-10 साल की सजा

## एक-एक लाख रुपए जुर्माना भी भरना होगा

**मंदसौर, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मंदसौर द्वारा श्यामलाल पिता बाबूलाल सीपा ढोली उम्र 30 साल निवासी दमामियों का वास, सालवाखुर्द राजस्थान एवं रामस्वरूप पिता पूनाराम उम्र 34 साल नि. पिपाड़ रोड सालवाखुर्द राजस्थान को डोडाचूरा की अवैध तस्करी करने का दोषी पाते हुए 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास और 1-1 लाख रू अर्थदण्ड से दण्डित किया।



अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 11 दिसंबर 2015 को चौकी दलौदा के उप निरीक्षक ओ.एल.बारिया को मुखबीर सूचना मिली थी कि एक स्लेटी रंग की होंडा कार से दो बाहरी व्यक्ति मादक पदार्थ डोडाचूरा लेकर अमलावद-निरधारी रोड तरफ से हाईवे रोड पर होकर जाने वाले हैं। यदि तत्काल नाकाबंदी की जाये तो दोनों व्यक्तियों को मय मादक पदार्थ डोडाचूरा वाहन के पकड़ा जा सकता है। सूचना पर कार्यवाही हेतु उप निरीक्षक ओ.एल.बारिया मय फोर्स के थाने से रवाना होकर अमलावद निरधारी रोड़ पर नाकाबंदी की थी। थोड़ी देर बाद मुखबीर द्वारा बताये हुलिए के अनुसार एक स्लेटी रंग की कार अमलावद निरधारी रोड की तरफ से आती हुई दिखी थी, पास आने पर हमराह फोर्स की मदद से रोकने लिए आगे आए तो पुलिस को देखकर कार चालक ने कार तेज गति से भगाई एवं आगे जाकर मंदसौर-रतलाम हाईवे रोड पर देवनारायण मंदिर के सामने बने डिवाईडर से टकरा कर बंद हो गई। कार में बैठे दोनों व्यक्ति गेट खोलकर भागने की कोशिश करने लगे, जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा था।

पुलिस द्वारा नाम पता पूछने पर कार चालक ने अपना नाम श्यामलाल एवं उसके पास बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रामस्वरूप बताया था। तलाशी के दौरान कार की पीछे की सीट पर 02 सफेद रंग के प्लास्टिक के बोरे भरे हुए मिले थे। जिनमें डोडाचूरा भरा था। दोनो आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। उक्त अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा का तौल इलैक्ट्रॉनिक तराजू बांट से किया गया तो एक बोरे में 38 किलो व दूसरे बोरे में 41 किलो ग्राम कुल 79 किलोग्राम डोडाचूरा होना पाया गया। थाने पर वापसी के पश्चात दोनो आरोपियो के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण अनुसंधान उपरांत न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होकर आरोपियो को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन एडीपीओ दीपक जमरा द्वारा किया गया।

# बरकरार रहेगी ठिठुरन

**मंदसौर, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में मंगलवार को भी सुबह से बादल छाए हुए रहे। ठंडी हवाएं भी चल रही थी। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के सक्रिय रहने से प्रदेश के पूर्वी क्षेत्रों में बारिश हो रही है। जिले में अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री के आसपास बना हुआ है। अभी कुछ दिन और ठिठुरन बरकरार रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार अभी भी पूर्वी मध्य प्रदेश में नमी आ रही है। साइकोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन गुजरने के बाद फिर से उत्तरी हवाएं प्रदेश में आने लगेगी। इससे बुधवार से तेज ठंड का दौर शुरू हो जाएगा।

मौसम विभाग भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि दक्षिणी गुजरात के आसपास साइकोनिक सर्कुलेशन सिस्टम और ट्रफ लाइन गुजर रही है। इन दोनों की वजह से प्रदेश में मौसम बदल रहा। सिस्टम गुजरने के बाद उत्तरी हवाएं चलने लगेगी। इससे ठंड का असर बढ़ जाएगा।



## मामला अशोक अरोरा गंगानगर पर प्राणघातक हमले का...

# पुलिस को मदारपुरा के कल्लू और जफर की तलाश

## जमीन कारोबार में नंबर वन बनने का सपना लेकर बाबु सिंधी ने उठाया था घटिया कदम

**मंदसौर/नीमच, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर पर नीमच में हुए हमले के मामले में आरोपियों से पुलिस रिमांड पर पूछताछ जारी है। अभी कई और नामी गिरामी नामों का खुलासा होने की संभावना है। इधर शूटर बाबू फकीर की मौत के बाद अकरम और आशिक के साथ ही उदयपुर के शाहिद पिता एजाज हुसैन की भी पहचान पुलिस ने कर ली है। इसके अलावा मंदसौर के मदारपुरा निवासी कल्लू पिता रशीद शाह और जफर पिता शाहिद शाह की पुलिस को तलाश है। इन दोनों पर आरोप है कि बाइक से अशोक गंगानगर की रैकी की थी। इधर मामले में यह बात तय हो चुकी है कि जमीन कारोबार में नंबर वन बनकर वर्चस्व कायम करने के चक्कर में बाबू सिंधी ने प्राणघातक हमला करवाने जैसा घटिया कदम उठाया था।

मंदसौर के रहने वाले जयकुमार सबनानी उर्फ बाबू सिंधी ने नीमच में आढ़तिया का काम शुरू किया, इसके बाद तस्करी करने लगा। कम समय में ही पुलिसवालों के साथ मिलकर तस्करी का जाल राजस्थान, हरियाणा, पंजाब तक फैला लिया था। वह डोडा चूरा को अपने गोदाम रखे गेहूं और पोस्ता दाना की आड़ में दूसरे राज्यों में भेजता था। जहां मशीनों से गेहूं और डोडाचूरा अलग कर तस्करी की जाती थी। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) ने 26 अगस्त 2021 को औद्योगिक क्षेत्र में बाबू सिंधी के गोदाम पर दबिश देकर 255 क्विंटल डोडा चूरा, काला दाना, धोलापाली जब्त किए थे। इस मामले में सीबीएन ने 10 लोगों को आरोपी बनाया था। इसी प्रकरण में बाबू सिंधी जेल में था। उधर, अशोक अरोरा भी शराब ठेके के साथ प्रॉपर्टी कारोबार में उतर चुके थे। कई जमीनो की खरीदी-बिक्री में बाबू सिंधी और अशोक अरोरा का हित टकराया। जब अगस्त 2021 में बाबू सिंधी के गोदाम पर सीबीएन की दबिश पड़ी और वह गिरफ्तार हुआ तो, उसका संदेह अशोक अरोरा पर ही था। उसे लगता है कि अरोरा ने ही सीबीएन को ये टीप दी थी।

### अशोक गंगानगर को समझता था राह में रोड़ा...

नीमच पुलिस कप्तान श्री अमित तोलानी के मुताबिक बाबू सिंधी समझता था कि अशोक अरोरा उसकी राह में रोड़ा है। उसने अरोरा की हत्या की साजिश इसी मकसद से रची थी। वह चाहता था कि अशोक अरोरा की हत्या के बाद मंदसौर और नीमच में उसके नाम का खौफ होगा। वह तस्करी से लेकर प्रॉपर्टी और शराब ठेके में अपना वर्चस्व स्थापित कर सकेगा। श्री तोलानी का कहना है कि बाबू सिंधी को रिमांड पर लिया गया है। उसने वारदात के एवज में एक बड़ी रकम हमलावरों को दी थी। इस हमले की साजिश में शामिल फरार दो शूटर के अलावा 5 अन्य आरोपियों की धरपकड़ की कोशिश की जा रही है।

### राकेश अरोरा इसलिए बना बाबू का साथी...

दरअसल, अशोक अरोरा का पिछले 30-35 सालों से नीमच और मंदसौर जिले में शराब ठेके का कारोबार है। इसके साथ ही अरोरा प्रॉपर्टी कारोबार में भी सक्रिय हैं। अशोक अरोरा जहां शराब ठेके और प्रॉपर्टी कारोबार में तेजी से आगे निकल गए। वहीं छोटा भाई राकेश अरोरा उनकी परछाई ही बनकर रह गया। पहले वह बड़े भाई के कारोबार में सहयोगी रहा। बाद में राहें जुदा हो गई। भाई की तरक्की देख राकेश ईर्ष्या से भर गया था। बाबू सिंधी की दुश्मनी से उसे राह सूझी। आरोप है कि बाबू सिंधी के साथ मिलकर राकेश अरोरा ने भाई के कत्ल की साजिश रची थी।

### स्थान और समय सब तय करके आए थे शूटर...

समाजसेवी और कारोबारी अशोक अरोरा हर दिन ऑफिस से शाम को सीआरपीएफ रोड स्थित अपने घर जाते थे। बाबू सिंधी और उसके शूटरों को इसकी जानकारी थी। आरोपियों ने कारोबारी अशोक अरोरा पर हमले की जगह चोपड़ा चौराहे को चुना था। चौराहा होने की वजह से यहां से हमलावरों को भागने में आसानी थी। यहां पुलिस का मूवमेंट भी नहीं रहता है। घटनास्थल के सामने ही अशोक अरोरा के भाई राकेश अरोरा का ऑफिस है। इस हमले के बाद से ही राकेश अरोरा से प्रॉपर्टी के विवाद की बात सामने आई थी। राकेश अरोरा पुलिस के रडार पर पहले दिन से था।

# बिजली तार के संपर्क में आई पिकअप, एक की मौत

**रामपुरा, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र के गांव भदाना में एक हादसे में पिकअप वाहन 33 केवी विद्युत तार संपर्क में आ गया। जिससे उसमें करंट फैल गया। इस हादसे में पिकअप वाहन सवार मजदूर कालू लाल पिता जगदीश दायमा जाति बंजारा निवासी किरपुरिया तहसील मनासा की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार भदाना गांव में एक पिकअप वाहन में सरसों का भूसा भरकर ले जाया जा रहा था। इस दौरान भदाना चौराहा पर उपर से गुजर रहे 33 केवी की विद्युत लाइन के तारों के सम्पर्क में पिकअप वाहन आ गया और यह हादसा हो गया। बताया जा रहा हैं की ज्यादा भूसा भर सके इसके लिए वाहन की उंचाई .... शेष पेज 4 पर

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की वेबसाइट ठप्प, आवेदक परेशान

**मंदसौर, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** लंबे समय तक बंद रहने के बाद आरटीओ का सर्वर ठीक हुआ तो अब हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की वेबसाइट ठप हो गई है। पिछले चार दिनों से आवेदक इसके लिए परेशान हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वेबसाइट दिन में पूरी तरह से बंद रहती है, वहीं रात 12 बजे के बाद काम करती है। जिसके चलते आवेदक हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए अप्लाई नहीं कर पा रहे हैं। बता दें कि पिछले करीब 11 दिनों से आरटीओ के सभी कार्य पूरी तरह से बंद पड़े थे।

आवेदक आशीष चौहान की माने तो वह पिछले करीब 4 दिन से बुक माई एचएसआरसी पर जाकर अपनी गाड़ी के लिए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए अप्लाई कर रहा हैं। किन्तु, यह वेबसाइट चल नहीं रही। कई बार फीस भरते समय भी इसका सर्वर फेल हो जाता है। जिससे लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा आरटीओ एक्सपर्ट की माने तो रोजाना वेबसाइट कुछ घंटों के लिए रात 12 बजे के बाद शुरू होती है।

### लर्निंग लाइसेंस में भी आर रही दिक्कत...

लगभग 11 दिन बाद सर्वर तो ठीक हो गया। लेकिन, लर्निंग लाइसेंस में अभी भी दिक्कत आ रही है। आवेदकों की माने तो लर्निंग लाइसेंस में फीस जमा करते समय यह परेशानी अभी भी बनी हुई है।





वहीं कई आवेदकों ने कहा कि टेस्ट पास होने के बाद इसमें प्रिंट नहीं आ रहा है। हालांकि फिटनेस, रिन्युअल आदि के काम 12 फरवरी से शुरू हो गए हैं।

बताया गया है कि पिछले करीब साल भर से लगातार इस तरह की परेशानी प्रदेशभर में चल रही है। जिसके चलते हर दो से तीन महीने में यह प्रॉब्लम लगातार सामने आती है। जिससे आवेदकों को परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है।

# सहकारी संस्थाओं के चुनाव एक दशक से क्यों टाल रही है भाजपा सरकार..!

**मंदसौर/उज्जैन, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश की वर्तमान सरकार को बने तीन महीने होने जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव पूर्व भी सहकारी समितियां के चुनाव की बातें सतह पर आई थी, अब लोकसभा चुनाव की आड़ लेकर टाला गया। एक दशक से अधिक समय हो गया है सहकारी संस्थाओं के चुनाव कराए हुए, जबकि इन्हीं का नारा था 'बिना सहकार, नहीं उद्धार।' इसके उलट जब से भाजपा की सरकार बनना शुरू हुआ, सहकारिता जगत को हाशिए पर धकेला जाने लगा। अपने ही हित लाभ के लिए मंत्रियों, अधिकारियों ने संस्थानों पर कब्जा जमाए रखा। सहकारिता की जमीनी संस्था से लेकर राज्य तक की इकाइयों का लगातार दोहन किया जाता रहा है।

इन्हीं संस्थाओं के सहारे आगे बढ़ विधायक, मंत्री, सांसद बने नेता भी जमीनी संस्थाओं के चुनाव सिर्फ अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए और अपने प्रतिस्पर्धी कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए रूकवा रहे हैं। प्रादेशिक बैंक, जिला बैंक, मार्केटिंग संस्था और अनेक सहकारी समितियों के लगभग ढाई लाख सदस्यों की चुनाव प्रक्रिया को लोकतांत्रिक राज्य में 12 सालों से रोका जा रहा है। न्यायालय के दखल के बाद भी कोई न कोई कमी बता कर या सरकार अपनी ही किसी एजेंसी से तकनीकी आपत्ती लगवा कर चुनाव टालती आ रही है। ऐसे में सहकारी संस्थाओं का मंत्री, सांसद, विधायक के चहते अधिकारी को प्रशासक बनाकर दोहन किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने अपने कार्यकाल मे सहकारी कार्यकर्ताओं का विरोध दबाने के लिए अंतिम समय में अपने कार्यकर्ताओं को प्रशासक बनाने का नाटक भी किया था। नाटक इसलिए की आधी जिला बैंकों के प्रशासकों के नाम उजागर कर सहकार जगत में विवाद पैदा कर दिया। बात न्यायालय तक पहुंची और भाजपाई कार्यकर्ताओं को प्रशासक घोषित करने के पहले ही रोक लगा दी गई थी। यह भी सरकार और सरकार में समाहित हो चुके विधायक, सांसदों के कारण हुआ था।



चन्द्रमोहन भगत

इस अवरोध के बाद अब यह प्रश्न उठने लगा कि आखिर क्यों सहकारिता क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होने वाले चुनाव को रोका जा रहा है! जबकि, इन्हीं के सहारे जन आधार बनाकर राजनीतिक दल सरकारें बनाते आ रहे हैं। मध्य प्रदेश में शीर्ष अपेक्स बैंक के साथ 38 जिला सहकारी बैंक के 45 हजार सहकारी समितियां, ढाई हजार वनोपज समितियां, 15 सौ दूध समितियां, 650 मार्केटिंग सोसायटी, 55 जिला वनोपज सहकारी समितियां है। ऐसी सभी सहकारी संस्थाओं के ढाई लाख से अधिक सदस्यों को अपनी संस्थाओं का, अपना संचालक मंडल चयन करने का इंतजार है। राजनीतिक जगत में जो चर्चाएं सहकारिता जगत को लेकर आम हो रही है। उसमें सबसे प्रमुखता से यह माना जा रहा है कि सरकार में समाहित होते ही सहकारी नेता ही इन संस्थाओं के चुनाव क्यों रुकवाता है?

अपुष्टपर भरोसा करने वाला कारण बताया जाता है कि सहकारी समितियां के पायदान समाज और जनमत के अंतिम सिरे तक गहरी पहुंच रखते हैं। इसलिए जो भी नेता इन पायदान से ऊपर जाकर सरकार में समाहित जैसे विधायक, सांसद बन जाता है। वही इन सहकारिता के पायदानों से चलकर किसी अन्य कार्यकर्ता को अपने बराबर तक आने से रोकने में अपने अधिकार और अधिकारी, मंत्री से मिलकर पूरी ताकत लगाता है। मंत्री, अधिकारी इसलिए मदद करते हैं कि वह अपने किसी बंदे को प्रशासक या संचालक बनाकर वर्चस्व बनाए रख लाभ भी उठाते हैं। आंकड़े ही दर्शा रहे हैं कि डेढ़ दशक से अधिक समय से सहकारी संस्थाओं के चुनाव नहीं हुए हैं। तब सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि विधायक, अधिकारी, सांसदों में इतने लंबे समय तक अपनों को संस्थानों में बैठा कर अपना कितना हित साधा होगा! अभी भी वातावरण में बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के कारण सहकारी चुनाव टाले जा रहे हैं। जबकि, उच्च न्यायालय ने दो माह में जवाब मांगा है। नतीजा क्या सामने आएगा, अंदाज लगाना भी मुश्किल है। क्योंकि, चुनाव रोकने वाली भी सरकार है, कराने वाली भी सरकार है और प्रभावित होने वाले भी सहकारी संस्थाओं के इनके अपने कार्यकर्ता है।

# पार्षद को वोट मांगने का अधिकार है तो जीतने के बाद उस वार्ड में सफाई रखना उसका कर्तव्य भी

## गायत्री परिवार व वर्क संस्था द्वारा नाहर सैय्यद तालाब पर स्वच्छता अभियान चलाया



**मंदसौर, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गायत्री परिवार व वर्क संस्था द्वारा नाहर सैय्यद तालाब पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। यहां गायत्री परिवार के श्रमदानियों ने करीब दो घण्टे तक क्षेत्रवासियों व नगरपालिका के कर्मचारियों के साथ श्रमदान किया। तालाब क्षेत्र से करीब एक ट्राली गंदगी निकालकर नगरपालिका के माध्यम से फिकवाई गई। इस दौरान श्रमदानियों ने मांग की कि नगरपालिका को एक बार पूरे तालाब की गंदगी बाहर करके फिकवाना चाहिये। तालाब किनारे स्वच्छता रखने संबंधी बड़ा होर्डिंग लगाना चाहिये। तालाब में गंदगी करने वालों पर दण्ड का प्रावधान हो। तथा वहां पर एक डस्टबिन लगाया जाए जिससे लोग तालाब को गंदा न कर डस्टबिन में कचरा डाले।

हर्ष शर्मा व रमेश सोनी ने कहा कि हम हर सप्ताह दो घण्टे स्वच्छता हेतु श्रमदान करते है। नगर के 40 वार्डों में निर्वाचित पार्षदों की भी अपने वार्डों के प्रति जवाबदारी बनती है कि वह नगर का स्वच्छ रखने में अपना योगदान दे। अगर उनको वोट मांगने का अधिकार है तो अपने-अपने वार्ड में साफ-सफाई रखने का उनका कर्तव्य भी है। हर वार्ड में पार्षद वहां व्याप्त गंदगी से नगरपालिका को अवगत कराये। गायत्री परिवार से जुड़कर श्रमदान करें ताकि इंदौर के बाद ही पशुपतिनाथ की नगरी भी स्वच्छता की श्रेणी में उच्च स्थान प्राप्त करे। फिरोज हुसैन ने कहा कि पानी में इतनी गंदगी फैला दी है जिससे तालाब काफी प्रदूषित हो गया है। हमारे मजहब में गंदगी करना एक पाप बताया गया है। जो व्यक्ति सफाई नहीं कर सकता उसे गंदगी करने का अधिकार भी नहीं है। हमारा जीवन जल पर ही निर्भर है जिस पेयजल के स्रोत ही खत्म हो जायेंगे तो हमारा जीवन कैसे बचेगा? वर्क संस्था गायत्री परिवार से जुड़कर पर्यावरण और जल को स्वच्छ रखने का कार्य कर रही है। योगेश सोम ने कहा कि स्वच्छता सभी को अच्छी लगती है। हम नगर को गंदा न करे और न ही किसी को गंदा करने दे। गायत्री परिवार ने 2009 से नगर में स्वच्छता अभियान चला रखा है। राजनीतिक लोग अपना कार्य करे तथा सामाजिक संस्थाये अपना कार्य करे। सभी सामाजिक संस्था को गायत्री परिवार से जुडकर सफाई अभियान में भाग लेना चाहिये। प्रत्येक रविवार को 9 से 11 अभियान चलाया जाता है। जिसकी सूचना गायत्री शक्तिपीठ कालाखेत पर मिलेगी। हमारे कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर सफाई अभियान की जानकारी ले सकते है। सामाजिक संस्थाएं भी सम्पर्क कर सकती है। स्वच्छता अभियान में योग गुरु बंशीलाल टांक, मांगीलाल लक्षकार, फिरोज हुसैन, हर्ष शर्मा, अशोक धनोतिया, योगेशसिंह सोम, रमेश सोनी, जाफर मंसूरी, उबेर मंसूरी, समीर, यामीन, लखन, राहुल, पंकज ने सहभागिता की।

## जिले में रिफलेक्टर अभियान के तहत लगाये 6870 ट्रेक्टर-ट्रॉलियों पर रिफलेक्टर

**नीमच, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर दिनेश जैन एवं एसपी अमितकुमार तौलानी के मार्गदर्शन में नीमच जिले में सोमवार 12 फरवरी 2023 को सड़क सुरक्षा विशेष अभियान के तहत सभी 243 ग्राम पंचायतों में ट्रेक्टर ट्रॉलियों पर रेडियम रिफलेक्टर लगाने का अभियान आयोजित किया गया। जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद ने बताया, कि इस अभियान के तहत सोमवार को एक दिन में जिले में सभी ग्राम पंचायतों में 6870 ट्रेक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम रिफलेक्टर लगाये गये है। उपखण्ड नीमच में क्षेत्र में 2010 ट्रेक्टर ट्रॉलियों, जावद में 2448 और मनासा उपखण्ड में 2412 ट्रेक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम रिफलेक्टर लगाये गये है।

# बजट में मनासा विधानसभा को 13.56 किमी की 9 सड़कों के लिए मिले 13 करोड़ 22 लाख रूपए

## विधायक मारू ने मुख्यमंत्री डा. यादव व पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह का आभार माना



**मनासा, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश सरकार के बजट में मनासा विधानसभा को 9 डामरीकरण सड़कों की स्वीकृति मिली है। कुल 13.56 कि.मी. लंबी उक्त सड़कों के लिए 13 करोड 22 लाख रूपए की राशि जारी की गई है। विधायक अनिरुद्ध (माधव) मारू ने उक्त सड़कों की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री राकेश सिंह का आभार माना और क्षेत्रवासियों को सड़क निर्माण की सौगात मिलने की बधाई दी है।

विधानसभा क्षेत्र में पडदा से गंगाबावडी पहुंच मार्ग और मनासा कंजार्डा रोड से डीकेन मार्ग (कंजार्डा बायपास) सहित बजट में स्वीकृत सडक की लंबे समय से मांग की जा रही थी। विधायक मारू की अनुशंसा पर पीडब्ल्यू विभाग ने उक्त सड़कों का प्रस्ताव बनाकर मंत्रालय को भेजा हुआ था। वर्तमान में भोपाल में मध्यप्रदेश विधानसभा का सत्र चल रहा है। सोमवार को विधानसभा में बजट प्रस्तुत किया गया। इसमें उक्त सड़कों की स्वीकृति मिल गई। 2.70 किमी लंबी पडदा से गंगाबावडी सडक के लिए 3 करोड 50 लाख रूपए की स्वीकृति मिली है। वहीं कंजार्डा बायपास के लिए 1 करोड 5 लाख की स्वीकृति जारी की गई है। करीब 1.02 किमी लंबा बायपास बनने से कंजार्डा वासियों सहित आवागमन वालों को सुविधा होगी। इस तरह बजट सत्र में मनासा विधानसभा की 9 सड़कों के 13 करोड 22 लाख रूपए की राशि जारी की गई है। इनकी दूरी कुल 13.56 कि.मी. है। विधायक मारू ने उक्त सड़कों की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री राकेश सिंह का आभार माना और क्षेत्रवासियों को सडक निर्माण की सौगात मिलने की बधाई दी है।

**इन मार्गो की मिली स्वीकृति-** पालडा से छोटा पालडा मार्ग दूरी 1.24 किमी लागत 115 लाख। देवरान बायपास मार्ग दूरी 1 किमी लागत 101 लाख।मनासा कंजार्डा रोड से डीकेन मार्ग (कंजार्डा बायपास) दूरी 1.02 किमी लागत 105 लाख। बाक्या खेडा पहुंच मार्ग दूरी 1 किमी लागत 101 लाख। पडदा से गंगाबावडी मार्ग दूरी 2.70 किमी लागत 350 लाख। प्रतापपुरा पहुंच मार्ग दूरी 1 किमी लागत 102 लाख। बरडिया से भोपाली पहुंच मार्ग दूरी 1.60 किमी लागत 115 लाख। मोकडी चौराहा से नगपुरा रोड दूरी 1.50 किमी लागत 135 लाख। बसंतपुरा से बडोदिया दूरी 2.50 किमी लागत 198 लाख।

# लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा की कार्ययोजनानुसार एंव भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा एंव लाभार्थी संपर्क अभियान के प्रदेश संयोजक आशुतोष तिवारी के निर्देशानुसार मंदसौर ससंदीय क्षेत्र की लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यक्रम की कार्यशाला जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर सम्पन्न हुई। कार्यशाला में लोकसभा प्रभारी बजरंग पुरोहित, लोकसभा संयोजक देवीलाल धाकड, सांसद सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष मंदसौर नानालाल अटोलिया, भाजपा जिलाध्यक्ष नीमच पवन पाटीदार, भाजपा जिला महामंत्री एंव लाभार्थी संपर्क अभियान के लोकसभा संयोजक गणपतसिंह आंजना आदि का मार्गदर्शन संसदीय टोली को प्राप्त हुआ। लोकसभा विस्तारक धंनजय दीक्षित, भाजपा जिला महामंत्री सुखलाल पंवार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता मंचस्थ रहें। कार्यशाला का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय जी, डॉ.श्यामा प्रसाद जी मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों का स्वागत अभियान लोकसभा संयोजक गणपत सिंह आंजना द्वारा किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंदसौर लोकसभा प्रभारी बजरंग पुरोहित ने कहा की पार्टी हमें निरंतर संगठनात्मक कार्यो में लगाकर हमारी कार्य पद्धति को और अधिक निपुण करती रहती है। एक अभियान के समाप्त होते ही भाजपा का राष्ट्रीय एंव प्रादेशिक नेतृत्व नये अभियान का शुभारंभ कर हमें उसे पूर्ण करने में लगा देता है। हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा लोकसभा में दिये गये 370 सीटों के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिये हमे लाभार्थी संपर्क अभियान को मंडल की कार्ययोजनानुसार बूथ स्तर तक ले जाना होगा। उसके लिये हमें कार्यकर्ताओं को कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षित कर बूथ स्तर पर भेजना है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंदसौर लोकसभा संयोजक देवीलाल धाकड ने कहा की हम सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता अनुभवी होकर उत्साह, उंमग और ऊर्जा से ओतप्रोत है। इसका एकमात्र कारण सम्पन्न हुये विधानसभा चुनाव में हमने ऐतिहासिक विजय कांग्रेस को पराजित कर प्राप्त की है।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व निरंतर हमें संगठनात्मक कार्य पूर्ण करने की अपेक्षा रखता है और वही अपेक्षा हम आप सभी से रखते है। हमारी पार्टी व्यक्तिगत ना होकर विचारधारा पर कार्य करने वाली पार्टी है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नीमच पवन पाटीदार ने कहा की भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकार पं.दीनदयान उपाध्याय जी के सिद्धांतो पर कार्य करते हुए पीड़ित, शोषित, वंचित, गरीब वर्ग के कल्याण करने के लिये निरंतर कार्य कर रही है। युवा, किसान, महिला कई योजनाओं से लाभान्वित होकर भाजपा को खुला समर्थन दे रहे है। ऐसे सकारात्मक वातावरण में हमें इस लाभार्थी संपर्क अभियान के माध्यम से बूथ स्तर तक संपर्क करना है और लाभार्थी परिवारों के बीच जाकर मोदी जी के नेतृत्व में 10 वर्ष में बदलते भारत की चर्चा करना है और इस कार्य के फोटो डिजिटल रूप से भी संगठन एप्प पर अपलोड करना है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए लाभार्थी संपर्क अभियान के लोकसभा संयोजक गणपत सिंह आंजना ने लाभार्थी संपर्क अभियान के प्रमुख बिंदुओं को मंचस्थ अतिथियों एंव अपेक्षित श्रेणी के बीच रखा और लोकसभा क्षेत्र से आये मंडल अध्यक्ष गणों से आग्रह किया की 24 फरवरी के पूर्व अपने-अपने मंडलो की कार्यशालाएं आयोजित करें और बूथ स्तर तक इस अभियान को ले जाने की योजना बनायें।

# महावीर पुस्तकालय ने भांगी पिपलिया व तुरकिया में स्वेटर वितरण किए



**मंदसौर, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** महावीर पुस्तकालय एवं वस्त्र वितरण समिति मंदसौर द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय भांगी पिपलिया व तुरकिया में बच्चों को स्वेटर वितरित किये गये। इस अवसर पर सेवानिवृत्त जनशिक्षक श्री कन्हैयालाल भावसार ने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। पढने के संबंध में रोचक जानकारी प्रदान की। एसएमसी अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह चौहान द्वारा महावीर पुस्तकालय के कार्यों की प्रशंसा की। साथ ही उचित सहयोग की बात कही। इसी के साथ श्री अशोक नलवाया द्वारा महावीर पुस्तकालय के नाम से चलाई जा रही संस्था के बारे में गांव के सदस्यों को जानकारी दी गई। अशोक नलवाया ने महावीर पुस्तकालय के मंदसौर स्थित कार्यालय से जरूरतमंदों को वस्त्र एवं अन्य घरेलू सामान ले जाने की बात कही। इस अवसर पर ग्राम भांगी पिपलिया में कारूलाल मालवीय, छाया पाटीदार, नरेन्द्रसिंह चौहान, तुफानसिंह चौहान आदि उपस्थित रहे। ग्राम तुरकिया में आयोजित स्वेटर वितरण कार्यक्रम में गांव के सरपंच, प्रधान अध्यापक कमलेश पाटीदार, नरेन्द्र जाटव आदि उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में प्राप्त जनसमस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण करें-जैन

## कलेक्टर ने की जनसुनवाई, 90 लोगों की सुनी समस्याएं



**नीमच, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त जनसमस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 90 लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में नीमच सिंधी कालोनी की पूजा बदलानी ने शामीलाती मकान विक्रय के आवेदन पर सीएमओं नीमच को स्थल निरीक्षण कर, कार्यवाही करने के निर्देश दिए। रामपुरा के सुदामा नायक ने अभद्र व्यवहार करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, सीरखेडा के मदनसिंह पटेल ने परिचय पत्र जारी करवाने, बोरखेडी के अमरसिंह पटेल ने चारागाह भूमि पर अवैध कब्जा हटवाने, गिरदौडा की राजकुंवर राजपूत ने विपक्षी द्वारा जबरन भूमि को हंकाई करने पर कार्यवाही करने एवं भमेसर के भोनीशंकर ने जबरन कब्जा करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने संबंधी आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किया। जनसुनवाई में एडीएम सुश्री नेहा मीना, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद एवं अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में मंदसौर के जगदीश ग्वाला, नेवड के रोशनलाल, अम्बेडकर कालोनी नीमच की रामुबाई भील, धोकलखेडा के हरिओम कूमावत, श्यामूबाई जाट, बघाना नीमच की शाहीनबी, अचलपुरा के सुखलाल पटेल, लोडकिया के तुलसीराम धनगर, नीमच सिटी की बेबी सलीम पठान, स्कीम नं.7 नीमच के जितेन्द्रल हरित, जीरन के पूनमचन्द धानूका, चंगेरा के भगतसिंह राजपूत एवं नीमच बं.नं.-60 के लियाकत, साजीदा, मुस्कान आदि ने अपना आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तु त कर, अपनी समस्याएं सुनाई।

# कृषक महिलाओं का जिले में भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न



**नीमच, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंगलवार को जावद विकासखंड के ग्राम महेशपुरिया, कानका और धामनिया के महिला समूहों की कृषक महिलाओं का भ्रमण आत्मा, नीमच द्वारा आयोजित किया गया। कनावटी के प्रगतिशील कृषक श्री प्रभुलाल धनगर के खेत पर महिलाओं को जैविक खेती, गेहूं की 6 प्रकार की किस्म और उनके बाजार भावो की कृषक महिलाओं को जानकारी दी गई। लघु सीमांत कृषक महिलाओं को आय बढ़ाने के लिए समूह के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए केमोमाइल, अफ्रीकन गेंदा और लेमन ग्रास की खेती के बारे में बताया गया। महिलाओं द्वारा केमोमाईल और अफ्रीकन गेंदे की खेती में रुचि प्रदर्शित की गई, जिस पर उन्हें बीज उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया गया। उल्लेखनीय है, कि नीमच जिले की मंडी अपनी औषधीय फसलों की बिक्री के लिए देश भर में जानी जाती है। यहां की जलवायु, मिट्टी और किसान नवाचार करने में सदैव अग्रणी रहते है।

## उत्साह व उल्लास जगाती बसंत पंचमी...

**पत्र संपादक के नाम**
संपादक की सहमति आवश्यक नहीं

**मंदसौर, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बसंत उत्तर भारत तथा समीपवर्ती देशो की छह ऋतुओ में से एक ऋतु हे जो फरवरी, मार्च और अप्रैल के मध्य इस क्षेत्र में अपना सौंदर्य बिखेरती हे। माना गया हे की माघ महीने की शुक्ल पंचमी से बसंत ऋतु का आरंभ होता हे। इस ऋतु के आने पर सर्दी कम हो जाती हे। मोसम सुहावना हो जाता हे। पेड़ो पर नए पत्ते उगने लगते हे खेत सरसो के फूलो से भरे पीले दिखाई देते हे इसलिए राग रंग और उत्सव मनाने के लिए यह ऋतु सर्वश्रेष्ठ मानी गई हे। बसंत पंचमी का दिन सरस्वती जी की साधना को समर्पित ज्ञान का उत्सव हे। इस दिन पूरे देश में विद्या की देवी मां सरस्वती की बड़े उल्लास के साथ पूजा की जाती हे। इस दिन पीले वस्त्र पहनने का भी विधान हे। बसंत पंचमी के उत्सव से ही बसंत ऋतु का आगमन होता हे। शांत, ठंडी मंद वायु तीव्र शीत का स्थान ले लेती हे तथा सबको नवप्राण व उत्साह से स्पर्श करती हे। हर तरफ रंग बिरंगे फूल दिखाई देते हे। इस समय गेंहू की बलियां व अन्य फसल भी पककर लहलहाने लगती हे जिन्हे देखकर किसान हर्षित होते हे। चारो और सुहाना मोसम प्रसन्नता से भर देता हे। इसलिए बसंत ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा कहा गया हे। प्राचीन काल से ही इस दिन को मां सरस्वती के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता हे। ब्रह्मा जी ने मां सरस्वती को वरदान दिया था की तुम सभी प्राणियो के कंठ में निवास करोगी। सभी के अंदर चेतना भरोगी जिस भी प्राणी में तुम्हारा वास होगा वह अपनी विद्वता के बल पर समाज में पूजनीय होगा। मां सरस्वती को ज्ञान, कला, बुद्धि, गायन, वादन की देवी माना जाता हे। इसलिए इस दिन विशेष रूप से विद्यार्थी, लेखक और कलाकार मां सरस्वती की उपासना करते हे। बसंत पंचमी का उत्साह और उल्लास भारतीय जनजीवन को अनेक प्रकार से प्रमाणित करता हे। जो जन भारत और भारतीय से प्रेम करते हे वे इस दिन मां सरस्वती की पूजा कर उनसे और अधिक ज्ञानवान होने की प्रार्थना करते हे। मां सरस्वती सदेव श्वेत वस्त्रो में होती हे इसके दो संकेत हे पहला यह की हमारा ज्ञान निर्मल हो विकृत न हो। जो भी ज्ञान अर्जित करे वह सकारात्मक हो। दूसरा संकेत हमारे चरित्र को लेकर हे कोई दुर्गुण हमारे चरित्र में न हो। मां सरस्वती हमे प्रेरणा देती हे की हमे अपने भीतर अहिंसा, क्षमा, सहनशीलता, करुणा, प्रेम व परोपकार आदि सद्गुणों को बड़ाना चाहिए और क्रोध, मोह, लोभ, अहंकार आदि का परित्याग करना चाहिए। बसंत पंचमी बदलते मोसम का एहसास ही नही बल्कि हमारे जीवन में नवस्फूर्ति, उमंग, उत्साह और उल्लास जगाती हे। बसंत के आगमन पर सूर्य से लेकर प्रकृति तक हमे पुराने विचार और पूर्वाग्रह का परित्याग कर अपने सारे क्रियाकलापो में नवीनता समाहित करने की प्रेरणा देती हे। जीवन में किसी भी प्रकार की नई शुरुआत के लिए बसंत पंचमी श्रेष्ठ मुहूर्त हे। बसंत पंचमी को अत्यंत शुभ मुहूर्त मानने के पीछे अनेक कारण हे इसलिए इस दिन का आध्यात्मिक, धार्मिक, वैदिक आदि सभी दृष्टियों से अति विशिष्ट महत्व परिलक्षित होता हे। विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना, पूजन और अभ्यर्थना का यह दिन हमे इस बात की सीख देता हे की हम किसी भी आयु, वर्ग, जाति, धर्म, पंथ के हो हमे सदेव सीखते रहना चाहिए। सदेव विद्या के अर्जन के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए। जड़ता और अज्ञान को दूर कर चेतना जाग्रत करने वाली मां सरस्वती ऐसी बुद्धि सभी देशवासियो को दे की हम समाज व देशहित में निरंतर कार्य करते रहे यही इस मंगल अवसर पर मां सरस्वती से प्रार्थना।



**गौरव सोनी, मंदसौर**

# गिट्टी मशीन बंद कराने के लिए कलेक्टर को दिया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन



**मंदसौर, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांव अरनिया गुर्जर तहसील दलोदा क्षेत्र के गांव वासियों और स्कूली बच्चों ने सैकड़ो की संख्या में पहुंचकर जिला कलेक्टर को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर मांग की गई की गांव नई आबादी अरिनिया गुर्जर में आए दिन ब्लास्ट होने की वजह से स्कूल की चो में दरार पड़ गई है और स्कूल के बच्चों में डर का माहौल उत्पन्न हो रहा है बच्चे डर की वजह से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं और कभी भी कोई जनहानि हो सकती है गांव के बलवंत सिंह द्वारा बताया गया कि हमने कहीं बार पहले गिट्टी मशीन को बंद करने के लिए आवेदन दिया है लेकिन हमारी सुनवाई नहीं की गई और गिट्टी मशीन अभी भी चालू है गिट्टी मशीन में ब्लास्ट होने की वजह से कहीं बाहर छोटे बच्चों को महिलाओं को चोट लग चुकी है कहीं बार हमने कितनी मशीन के संचालन करने वाले से आग्रह किया है कि वह अपनी मशीन गांव आबादी से डर लगा ले लेकिन वहां दबंग व्यक्ति होकर राजनीति संरक्षक के चलते अपनी मनमानी से ही खदान चल रहा है और गांव वासियों को कहता है कि जो करना हो कर लीजिए यह गिट्टी मशीन बंद नहीं होगी हम पीड़ित मजदूर गरीब मध्यम वर्ग की परिवार से हैं और ऐसे दबंग लोगों के खिलाफ हम कुछ भी नहीं कर सकते हैं ऐसे में जिस तरह हरदा में फटाका फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ और कई लोगों की जान चली गई उसके बाद प्रशासन ने तरीके से चलने वाली फैक्ट्री को बंद किया इसी तरह गिट्टी मशीन से कोई जनहानि ना हो इसी को ध्यान में रखते हुए कितनी मशीन को तुरंत बंद कराया जाए इसी मांग को लेकर आज समस्त गांव वासियों के साथ और स्कूल प्रबंधक भी साथ में ज्ञापन देने के लिए आए इस अवसर पर माध्यमिक स्कूल के शिक्षक और स्कूल के बचे वी गांव वासी उपस्थित है।

# मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के गठित समूहों के प्रशिक्षण का हुआ समापन



**मंदसौर, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र. डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत मंदसौर के अंतर्गत गठित स्व सहायता समूहों में से चयनित समूह के सदस्यों का सीएससी कार्य करने हेतु आरसेटी संस्थान नई आबादी मंदसौर में 7 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के पश्चात इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैकिंग एंड फाईनेंस ऑनलाईन परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें 27 सदस्यों द्वारा परीक्षा में सफलता हासिल की। परीक्षा में सफल 27 छात्राएं पंचायत संखी के रूप में पंचायत स्तर पर कार्य करेंगी। यह सखियां समूह सदस्यों, ग्रामीण परिवारों को वित्तीय लेन-देन एवं बैंक से संबंधित कार्यों में उनका सहयोग करेगी।

### ✻✻ प्रार्थना ✻✻

हे शारदे मां
छेड़ो वीणा की तान ऐसे
हृदय तंत्र झंकृत हो जाए
तनाव दर्द निकले मन से
रग रग आनंदित हो जाए
हे शारदे मां हे शारदे मां।
वाणी में रस मुखर हो ऐसे
हर व्यवहार नम्र हो जाए
न्याय सृजन हो राजपथ से
हर वस्त्र धवल हो जाए
हे शारदे मां हे शारदे मां।
मेधा बढ़े मां शारदे ऐसे
नीर क्षीर विवेक भर जाए
जब हताश हों अभावों से
पद दृढ़ हो उर्जा भर जाए।
हे शारदे मां हे शारदे मां।
जन राह प्रशस्त हो ऐसे
संग चले भ्रम मिटता जाए
छल दंभ मिटे कर्मों से
प्रीत मन में बढ़ती जाए
हे शारदे मां हे शारदे मां।

**भगवती प्रसाद गेहलोत, पिपलियामंडी**

## बसंत पंचमी पर विशेष....

# ब्रह्मांड को सप्त स्वर और नव रस प्रदान करने वाली देवी सरस्वती

**मंदसौर, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पौराणिक कथा के अनुसार जब ब्रह्माजी ने ब्रह्मांड की रचना की तो उन्होंने मनुष्य एवं अन्य योनियों के जीव जंतु सहित पेड़ ,पौधे ,नदी पहाड़ ,हवा तथा समुद्र आदि का भी निर्माण किया किंतु इसके सृजन से वे संतुष्ट नहीं थे क्योंकि इन सब की रचना के बाद भी संपूर्ण ब्रह्मांड में एक प्रकार का सन्नाटा मौन एवं निशब्दता का वातावरण था तब ब्रह्माजी को यह अनुभव हुआ सृष्टि की रचना में कोई कमी अवश्य है और उन्होंने अपने कमंडल से जल छिड़ककर आदि शक्ति का आह्वान कियाऔर उसी समय एक ज्योति पुंज प्रकाशित हुआ तथा देखते ही देखते एक श्वेत वर्णा दिव्य नारी का स्वरूप प्रकट होने लगा जिसके हाथ में वीणा, पुस्तक,माला तथा जो श्वेत कमल पर विराजित थी।



जैसे ही उस देवी ने अपनी वीणा के तारों को झंकृत कर एक मधुर नाद किया तो संपूर्ण जगत पल्लवित होने लगा तथा नवीन संचार के साथ संपूर्ण वातावरण भी बदलने लगा! देखते देखते समस्त राग रागिनी एवं सोलह कलाओं सहित प्राणियों को वाणी प्राप्त हुई शब्दों का उद्घोष हुआ जलधारा में कल कल का कोलाहल व्याप्त हो गया वायु में मधुर सरसराहट होने लगी पेड़ पौधे झूमने लगे तथा संपूर्ण ब्रह्मांड में शब्द और रस का संचार होने लगा। इसीलिए सरस्वती पुत्र सूर्यकांत त्रिपाठी निरालाजी नेअपनी रचना में लिखा है कि- नव गति नवल य ताल छंद नव, नवल कंठ नव जल द मंद्र रव, नव पर नव स्वर दे। प्रकृति में अभूतपूर्व परिवर्तन देखकर ब्रह्मा जी ने इस देवी की चमत्कारिक शक्ति और तेज से प्रभावित होकर ब्रह्मा जी सहित समस्त देवी देवताओं ने इसे ब्रह्म ज्ञान, विद्या, वीणा ,संगीत साहित्य तथा ललित कलाओं की अधिष्ठात्री देवी के रूप में रूप में मान्यता प्रदान की तथा संसार को स्वर एवं रसमयी करने वाली देवी सरस्वती के नाम से संबोधित किया क्योंकि यह ब्रह्मा जी के कमंडल के जल छिड़कने तथा तो उनकी जिव्हां से इसकी उत्पत्ति होने के कारण मां सरस्वती को ब्रह्मा जी की पुत्री भी माना जाता है। मां सरस्वती के संपूर्ण स्वरूप को महिमामंडित करते हुए कहा गया है कि सरस्वती का मुख जो आनंद और उल्लास का प्रतीक है तथा एक हाथ में वीणा है जो सप्त स्वरों एवं रसों का संचार करती है तथा ललित कला की प्रतीक है एवं पुस्तक जहां ज्ञान का प्रतीक मानी गई है वही उनके हाथों में माला ,ईश निष्ठा का बोध कराती है इसके साथ ही इनका वाहन राजहंस है जो नीर क्षीर विवेक का प्रतीक है वही मयूर सप्त रंगों की सुंदरता का प्रतीक माना गया है। पुराणों के अनुसार भगवान श्री कृष्ण ने सरस्वती से प्रसन्न होकर यह वरदान दिया था कि बसंत पंचमी के दिन सरस्वती माता की विशेष आराधना करने वालों को ज्ञान विद्या एवं कला में चरमोत्कर्ष प्राप्त होगा इस वरदान के कारण बसंत पंचमी को विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की पूजा आराधना की विशेष परंपरा आज तक जारी है सरस्वती के 108 नाम है किंतु कुछ प्रमुख नाम जो प्रचलित है जैसे वीणापाणि, वीणा वादिनी, हंस वाहिनी, मयूर वाहिनी, शारदा, वाग्देवी इत्यादि। आज बसंत पंचमी के दिन विशेषकर विद्यार्थियों तथा शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र से जुड़े अथवा वेद पाठी कर्मकांड करने वाले एवं किसी विषय में विशिष्ट ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा रखने वालों को सरस्वती माता की पूर्ण विधि विधान से पूजा करना चाहिए।

**रमेशचंद्र चंद्रे**

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 70 | 2200 | 2341 |
| उड़द | 1 | 4052 | 4052 |
| सोयाबीन | 3182 | 3780 | 4650 |
| गैहु | 1266 | 2398 | 3265 |
| चना | 28 | 4970 | 5700 |
| मसुर | 310 | 5500 | 6000 |
| धनिया | 657 | 4100 | 5900 |
| लहसुन | 21000 | 11001 | 28551 |
| मैथी | 343 | 4800 | 5913 |
| अलसी | 762 | 4411 | 5027 |
| सरसो | 3035 | 4250 | 4847 |
| तारामीरा | 9 | 3801 | 4640 |
| इसबगोल | 1 | 9000 | 10000 |
| प्याज | 328 | 610 | 1240 |
| कलोंजी | 20 | 13800 | 16420 |
| डॉलर | 5 | 13203 | 14363 |
| तिल्ली | 2 | 14700 | 14700 |
| मटरसुखी | 1 | 3481 | 3481 |
| असालीया | 70 | 3681 | 4389 |


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री


डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# सेवा के 60 दिन अविराम
# लक्ष्य हमारा जन कल्याण






## मोदी जी की हर गारंटी को पूरा कर रही मध्यप्रदेश की डबल इंजन सरकार

**"मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलते हुए गरीबों के कल्याण, किसानों के सम्मान, युवाओं के उत्थान और महिलाओं के स्वाभिमान के लिए पूर्ण रूप से समर्पित और कृत संकल्पित है।"**

-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

### गरीब कल्याण

- विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से 50 लाख से अधिक शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित लोग लाभांवित
- पीएम जन-मन योजना से जनजातीय समाज को शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित। विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल जिलों में रु. 7300 करोड़ से आंगनवाड़ी केन्द्र, छात्रावास, सड़कें, पुल और आवासों के निर्माण का निर्णय
- 56 लाख से अधिक हितग्राहियों को रु. 681 करोड़ की सामाजिक सुरक्षा पेंशन का अंतरण
- स्वामित्व योजना में 1.75 लाख ग्रामीण नागरिकों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भू-अधिकार पत्र वितरित

### शिक्षा एवं रोज़गार

- प्रधानमंत्री जी द्वारा रु. 170 करोड़ की लागत से खरगोन में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा
- प्रत्येक जिले में एक शासकीय महाविद्यालय का पीएम उत्कृष्टता महाविद्यालय के रूप में उन्नयन का निर्णय
- आगर-मालवा में नया विधि महाविद्यालय, सागर में रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय तथा गुना में तात्या टोपे विश्वविद्यालय की स्थापना का निर्णय
- मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा में 28.9% सकल नामांकन के साथ अनुपात में राष्ट्रीय औसत से आगे निकला
- रोज़गार दिवस के अंतर्गत रिकॉर्ड 7 लाख से अधिक युवाओं को रु. 5 हजार करोड़ से अधिक का स्व-रोज़गार ऋण वितरित
- स्टार्ट-अप्स को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता के लिए वित्तीय सहायता
- अग्निवीर योजना के लिये युवाओं को 360 घंटे प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया

### महिला सशक्तिकरण

- प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को रु. 3152 करोड़ की सहायता का अंतरण
- आहार अनुदान योजना में विशेष पिछड़ी जनजाति की 1.97 लाख बहनों को रु. 59 करोड़ की सहायता
- 45 लाख से अधिक बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए रु. 118 करोड़ का अंतरण

### स्वास्थ्य

- दूरस्थ क्षेत्रों के गंभीर मरीजों के लिये मुख्यमंत्री एयर एम्बुलेंस सेवा शुरू करने का निर्णय
- सागर, शहडोल, नर्मदापुरम, धार, झाबुआ, मण्डला, बालाघाट, श्योपुर और खजुराहो में नये आयुर्वेदिक महाविद्यालयों की स्थापना का निर्णय

### किसान कल्याण

- श्रीअन्न को बढ़ावा देने के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में मिलेट्स उत्पादक किसानों को रु. 1000 प्रति क्विंटल का अतिरिक्त प्रोत्साहन
- शून्य ब्याज दर पर ऋण योजना को जारी रखने का निर्णय

### अधोसंरचना विकास

- पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना की स्वीकृति से चंबल और मालवा के 13 जिलों के 3 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई में वृद्धि से लगभग 1.5 करोड़ आबादी को मिलेगा लाभ
- रु. 10 हजार करोड़ की लागत से 724 कि.मी. लंबी 24 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास। व्यापार, कृषि, पर्यटन, उद्योग, तीर्थाटन को बढ़ावा
- ग्वालियर-बेंगलुरु, ग्वालियर-अहमदाबाद और ग्वालियर-दिल्ली-अयोध्या विमान सेवा प्रारंभ
- इंदौर में रु. 350 करोड़ लागत से निर्मित होने वाले एलिवेटेड कॉरिडोर से मिलेगी आमजन को सुविधा
- उज्जैन में एक नये अत्याधुनिक एयरपोर्ट की स्थापना का निर्णय
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश के विकास को गति देने के लिए रु. 7550 करोड़ की नई परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

### आध्यात्मिक अभ्युदय

- 1450 कि.मी. लम्बे श्रीराम वन पथ गमन के निर्माण का निर्णय
- ओरछा में भव्य श्रीराम राजा लोक का होगा निर्माण
- उज्जैन में भव्य रूप से विक्रमोत्सव के आयोजन का निर्णय
- मुख्यमंत्री हेली पर्यटन योजना के माध्यम से विभिन्न पर्यटक स्थलों एवं धार्मिक स्थलों पर हेलीकॉप्टर प्रारंभ करने का निर्णय

**मध्यप्रदेश शासन**

D-11203/23



# पानी के लिए सड़क पर उतरे लोग, किया चक्काजाम

**भाजपा नेता समेत 11 लोगों पर मामला दर्ज**

**सीतामऊ, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जनपदपंचायत सीतामऊके ग्राम बेलारा में पेयजल की भीषण समस्या के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को चक्का जाम कर दिया। इससे चार दिन पहले बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों ने बस स्टेण्ड पर चक्काजाम किया था। चक्काजाम के कारण वाहनों की लंबी कतारे लग गई, लोग परेशान होने लगे। इन दिनों परीक्षाएं भी चल रहीं है। जाम के कारण बच्चों को भी परेशानी हुई। जिसके चलते पुलिस ने चक्काजाम करने वाले भाजपा ग्रामीण मंडल कोषाध्यक्ष समेत 11 लोगों पर मामला दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक पेयजल की समस्या को लेकर बड़ी संख्या में महिला और पुरूषों ने बेलारा बस स्टेण्ड पर पानी की कुप्पिया और अन्य सामान रखकर चक्काजाम कर दिया। जिसके कारण सड़क के दोनो तरफ वाहनों की कतारे लग गई। चक्काजाम की खबर लगते ही सीतामऊ थाना प्रभारी दिनेश प्रजापति बल के साथ मौके पर पहुचे और चक्काजाम कर रहे लोगों को समझाकर मार्ग प्रारंभ करवाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा की तो महिलाओं ने पेयजल को लेकर परेशानी बताई। पुलिस ने मौके पर सरपंच महिपाल सिंह बापच्या को बुलाकर ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया। ईधर चक्काजाम के कारण अन्य लोगों को हुई परेशानी पर भी पुलिस ने कार्यवाही की और चक्काजाम कर रहे 11 लोगों पर मामला दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि चक्काजाम करने वाले भाजपा ग्रामीण मंडल कोषाध्यक्ष सुरेश पिता मांगीलाल बैरागी, मोहन सिंह पिता वजेसिंह राठौर, विजय पिता सीताराम सूर्यवंशी, बंशीलाल पिता बद्रीलाल बलाई, दशरथ पिता ललूराम प्रजापत, प्रधान सिंह पिता उमराव सिंह लोगनी, राकेश पिता ओंकारलाल पाटीदार, प्रहलाद पिता मांगीलाल दर्जी, बालमुकन्द पिता सीताराम सूर्यवंशी, करण पिता राधेश्याम सूर्यवंशी, सुनील पिता दशरथ टेलर सभी निवासी बेलारा पर धारा 147, 341 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# गर्लफ्रेण्ड ने किसी दूसरे से कर ली शादी, जंगल ले जाकर मार डाला

**रतलाम, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम जिले के बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम इमलीपाडा खुर्द के जंगल में 22 वर्षीय नवविवाहिता प्रमिला की हत्या के मामले की पुलिस ने 24 घंटे में गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस के अनुसार प्रमिला के प्रेमी ने गला घोंटकर उसकी हत्या की थी। वह प्रमिला की दूसरी जगह शादी होने से नाराज था और प्रमिला को अपने साथ ले जाना चाहता था।

रतलाम एसपी राहुल कुमार लोढा ने प्रमिला की हत्या की गुत्थी सुलझाने की जानकारी देते हुए बताया कि प्रमिला पत्नी भरत डोडियार का शव 12 फरवरी 2024 को सुबह इमलीपाड़ा खुर्द स्थित वन विभाग के जंगल में मिला था। जांच में पता चला कि वह मूल रूप से इमलीपाडा की ही रहने वाली थी तथा 16 दिसंबर 2023 को उसका विवाह भारत डोडियार से हुआ था। प्रमिला को नोतरा कार्यक्रम में कहीं जाना था। इस पर उसने पति भारत से कहा था कि उसे बजाना बाजार में छोड़कर आ जाए, वहां उसे साड़ी में पीकू करवाना है। इसके बाद वह अपने मायके चली जाएगी। पति




उसे बजाना बाजार में 5 दिन पहले छोड़कर चला गया था, लेकिन इसके बाद प्रमिला अपने मायके नहीं पहुंची। 11 फरवरी को ससुर ने प्रमिला के मायके फोन कर पूछा कि प्रमिला वापस ससुराल नहीं आई है तब पता चला कि प्रमिला मायके भी नहीं आई है। इसके बाद उसकी तलाश की जा रही थी, इसी बीच 12 फरवरी की सुबह उसका सब जंगल में मिला था।

**हत्या करने बाद जेवर ले गया था–** पति द्वारा बजाना में छोड़कर जाने के बाद प्रमिला अपने प्रेमी आरोपित 31 वर्षीय राजू खराड़ी निवासी ग्राम घाटा खेरदा उसके पास पहुंची थी। राजू प्रमिला से प्रेम करता था और उसकी शादी होने के बाद भी वह उसे अपने पास रखना चाहता था। इसके लिए वह प्रमिला पर दबाव भी बना रहा था तथा धमकाता रहता था। वह प्रमिला को जीप से कहीं ले जाना चाहता था इसके लिए उसने अपने मित्र मुन्ना मुनिया को फोन लगाकर जीप लाने के लिए भी कहा था, लेकिन मुन्ना जीप लेकर नहीं पहुंचा। इसके बाद बाइक पर बैठाकर वह प्रमिला को जंगल में ले गया था और उसने उसे अपने साथ चलने के लिए कहा था। प्रमिला ने विरोध कर राजू को थप्पड़ मार दिया था। तभी राजू ने प्रमिला का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी थी और उसके शरीर पर पहने चांदी के जेवर निकाल कर भाग गया था। राजू को गिरफ्तार कर उसके पास से जेवर भी बरामद कर लिए गए है।

# मप्र में आनलाइन गेमिंग पर लगेगा 28 प्रतिशत जीएसटी

## विधानसभा में कांग्रेस के बहिर्गमन के बाद विधेयक पारित

**भोपाल, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश सरकार आनलाइन गेमिंग पर जीएसटी वसूलेगी। केंद्र सरकार इस पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगा चुकी है। प्रदेश में दो बार मध्य प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम में संशोधन के लिए अध्यादेश ला चुकी है। अब विधानसभा में मध्य प्रदेश माल और सेवा कर संशोधन विधेयक पारित किया गया है। कांग्रेस के सदस्यों ने इसके विरोध में बहिर्गमन कर दिया और फिर संशोधन विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गया।

उप मुख्यमंत्री वित्त जगदीश देवड़ा ने मध्य प्रदेश माल और सेवा कर संशोधन विधेयक प्रस्तुत करते हुए कहा कि आनलाइन दांव लगाने, कैसिनो, द्यूतक्रीड़ा, घुड़दौड़, लाटरी या आनलाइन गेम्स खेलने का चलन बढ़ गया है। यह सामाजिक बुराई है। इसका विपरीत प्रभाव भी पड़ रहा है और सरकार को टैक्स भी नहीं मिल पा रहा है। केंद्र सरकार ने इसे जीएसटी के दायरे में लाकर 28 प्रतिशत टैक्स लगाया है। अधिनियम में संशोधन के लिए अध्यादेश लाए थे पर यह विधानसभा में प्रस्तुत नहीं हो सका। इसकी अवधि समाप्त होने पर 27 जनवरी 2024 को फिर अध्यादेश जारी किया गया और अब संशोधन विधेयक




लाया गया है। भारत के बाहर से विभिन्न प्लेटफार्म पर आनलाइन गेम्स खिलाए जाते हैं तो पंजीयन अनिवार्य किया है। अलग से एंट्री लाई गई है और फिर उस पर टैक्स लगाया गया है। संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जिस तरह महादेप ऐप जैसा मामला हुआ, वैसा अब नहीं हो पाएगा। उधर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इसका विरोध करते हुए कहा कि क्या ये जुआं-सट्टा से सरकार चलाना चाहते हैं। अभिजीत शाह ने कहा कि जुआं-सट्टे की लत के कारण कई युवा आत्महत्या तक कर लेते हैं। लोग तो रिश्वत भी लेते हैं तो क्या हम उसे भी वैधानिक कर सकते हैं। यह कदम समाज विरोधी है और हम इसका विरोध करते हैं। यह कहते हुए कांग्रेस ने बहिर्गमन कर दिया और फिर संशोधन विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गया।

# दो साल से नहीं मिली निधि, जनपद सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले की जनपद पंचायत सदस्यों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम संयुक्त कलेक्टर को 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिसमें जनपद सदस्यों ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत राज में हम जनता के द्वारा चुने हुए हम जनप्रतिनिधियों को 2 वर्ष पूर्ण होने को आए, मतदान के बाद से लेकर अब तक हमारे क्षेत्र को किसी प्रकार की कोई जनपद निधि नहीं मिलने व राशि आवंटन न होने से विकास कार्यों का शुभारंभ नहीं हो सका है।

उन्होंने लिखा कि हम जनपद सदस्यों ने कार्य योजना के अंतर्गत



जनपद में प्रस्ताव दिए हुए लगभग 8 महीने हो चुके हैं। उसका भी निराकरण आज दिनांक तक नहीं हुआ है। इस कारण क्षेत्र की जनता के प्रति हम उत्तरदायी होने के कारण हम जनता को संतोषपूर्ण जवाब देना हम जनप्रतिनिधियों के लिए मुश्किल हो रहा है। वहीं हम जनप्रतिनिधियों को विगत 2 सालों से वेतन भी समय से नहीं मिल रहा है। जिस कारण हमारे दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। हमारे क्षेत्र में विकास करवाने के लिए हम जन प्रतिनिधि जनपद सदस्यों को आज तक कोई राशि नहीं मिली। इस कारण क्षेत्र में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से जनपद सदस्यों ने मांग की है कि हमारी मांगों और वेतन संबंधित समस्याओं का शीघ्र निराकरण करवाया जाए। यदि 15 दिन में हम जनप्रतिनिधियों की समस्या का निराकरण नहीं होता है तो जिले के सभी जनपद सदस्य जनपद में तालाबंदी कर अनिश्चित कालीन हड़ताल करेंगे।

# वैलेंटाइन डे का कड़ा विरोध करेगा बजरंग दल

**नीमच, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** वर्तमान समय में वैलेंटाइन डे के नाम पर हिंदू धर्म की संस्कृति को आहूत करने का प्रयास किया जा रहा है जिसमें प्रेम के नाम पर अश्लीलता परोसी जा रही है एवं लव जिहाद जैसे मामले को बढ़ावा दिया जा रहा है इस वैलेंटाइन डे का बजरंग दल नीमच जिला पुरजोर विरोध करेगा बजरंग दल जिला संयोजक दुर्गेश धनगर ने बताया कि बजरंग दल सच्चे प्रेम के खिलाफ नहीं है, पर वैलेंटाइन डे के नाम पर सार्वजनिक स्थानों जैसे गार्डन, होटले, पब्लिक प्लेस जैसे स्थानों पर भारतीय संस्कृति को दूषित एवं अश्लील हरकतें करने का प्रयास: किया जाता है, लेकिन इस बार ऐसी कुछ अप्रिय घटना ना हो इसके लिए जिले के सभी नगर एवं सभी सार्वजनिक स्थानों पर बजरंग दल की टोली द्वारा कडी नजर रखी जायेगी, ओर ऐसी किसी भी तरह की हरकत करते हुए पाये जाने पर उसको बजरंग दल बक्शेगा नहीं। अत: आप सभी से निवेदन है कि आप किसी भी प्रकार का ऐसा कोई भी काम ना करें जिससे बजरंग दल को कुछ कदम उठाना पड़े।

## जुआ खेलते 4 को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** झारडा चौकी पुलिस ने जुआ खेलते हुए चार आरोपियों को पकड़ा। मुखबिर की सूचना पर शासकीय हास्पीटल की दिवार के पास ताशपत्ती से जुआ खेलते हुए झारडा निवासी धर्मेन्द्र पिता सत्यनारायण चोधरी, फतेहपुर निवासी बंशीलाल पिता किशनलाल सोलंकी व भूरालाल पिता रामलाल चौहान, हरमाला निवासी पुष्कर पिता गेंदमल सोलंकी को पकड़ा। आरोपियां के कब्जे से नकदी व ताशपत्ती जब्त की।

## सड़कों पर घुमने वाले आवारा मवेशियों के संबंध में हुई सुनवाई...

# सीएमओ ने 2000 रु की रसीद व 3 लोगों के विरूद्ध परिवाद की जानकारी पेश की

**मंदसौर, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अधिवक्ता विनोद सालवी द्वारा शहर की सड़को पर घुमने वाले आवारा मवेशीयों को हटाने के खिलाफ मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंदसौर के खिलाफ 24 जुलाई 2023 को पेश की गई अवमानना याचिका में मंगलवार को सी.एम.ओ. से आवरा मवेशी हटाने के संबंध में पशु मालिको के विरूद्ध परिवाद पेश करने और आवारा मवेशी हटाने के सबंध में जानकारी चाही थी।



जिस पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंदसौर द्वारा औपचारिकता निभाते हुऐ मात्र 2000/- की -की जुर्माना रसीद और मिश्रीलाल ग्वाला, हैदर शाह, सुमित हिनवार के विरूद्ध न्यायिक मजिस्ट्रेट मंदसौर में पशु कुरता अधिनियम के तहत् परिवाद पेश करने और आवरा मवेशी सड़को पर से हटाने के लिए पूर्व में नियुक्त दरोगाओं की सुची और नाम मात्र मवेशी पकड़ते हुऐ फोटोग्राफ्स पेश किये है। आवारा मवेशीयों के संबंध मे प्रेस नोट की फोटो कापीयां पेश की है। और अधिवक्ता सालवी द्वारा न्यायालय में नगरपालिका द्वारा शहर से एकत्रित कचरा डालने वाले स्थान जो न्यायालय रोड़ पर किले के निचे स्थित है पर 30 से अधिक मवेशीयों के कचरे मे से गंदगी खाते हुऐ फोटो ग्राफ्स पेश किय है, ज्ञात हो कि आवरा मवेशीयों की संख्या अभी सड़कों पर देखने को मिलती है और न्यायालय मे अवमानना याचिका प्रस्तुत होने के पश्चात् भी न्यायालय की कार्यवाही से बचने के लिए औपचारिकता पुर्वक आवरा मवेशी हटाने की कार्यवाही कर रही है और आये दिन मवेशीयों से हादसे की जानकारी प्राप्त हो रही है। इससे पूर्व न्यायालय की कार्यवाही में साक्ष्य के रूप मे सुरेन्द्रसिंह सिसोदिया एडव्होकेट, अजय सिखवाल एडव्होकेट द्वारा सड़को पर आवरा मवेशी घुमने के संबंध में शपथ पत्र एवं जयवर्धन गुप्ता एडव्होकेट ने आवारा मवेशी सड़को पर घुमते हुऐ 65 बी साक्ष्य अधिनियम के प्रमाण पत्र सहीत सीडी प्रस्तुत की है। मंगलवार को हुई सुनवाई मे न्यायालय मे नगरपालिका द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों पर अंतिम बहस हेतु 28.03.2024 तारिख पेशी नियत की है।

# अंतरिम बजट, विकास परक और आमजन के कल्याण का बजट-मुख्यमंत्री

## योजनाओं के बलबूते विकास की संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करता है अंतरिम बजट

**मंदसौर, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट को विकास परक और नागरिकों के कल्याण का बजट बताया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह बजट शिक्षा, सिंचाई, कृषि, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, ग्रामीण विकास, लोक निर्माण, शहरी विकास, अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण, स्वास्थ्य और नागरिकों की सुविधाओं से जुड़े प्राथमिक क्षेत्र और जनकल्याण के कार्यों के लिए पर्याप्त राशि के प्रावधान के साथ तैयार किया गया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंतरिम बजट में विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए पर्याप्त राशि रखी गई है। विकास परक कार्यों के लिए प्रावधान किए गए हैं। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आम लोगों की बेहतरी के लिए सरकार कार्य कर रही है। प्रदेश की आधी आबादी महिलाओं और किसानों के लिए भी सर्वाधिक राशि का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि अंतिम बजट जन आकांक्षाओं के अनुरूप है। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में अधिकतम विकास के लिए चिंतित और सक्रिय है।

## अफीम फसल बीमारियों की चपेट में

**लूनाहेड़ा, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र में तापमान में लगातार उतार चढाव होने के कारण अफीम की फसल कई बिमारियों की चपेट में आ गई । किसानो ने बताया कि मौसम में लगातार उतार चढाव तथा नए सिस्टम एक्टिव होने से क्षेत्र में लगातार बादलों के छाए रहने के कारण अफीम की फसलों में नमी की वजह से एक सप्ताह के अंदर कई बीमारियों ने अफीम फसलों को अपनी जद में ले लिया है। इससे अफीम काश्तकारों की चिंता सातवें आसमान पर हो गई है। क्षेत्र में लगातार बादलों के छाए रहने के कारण अफीम की फसल के पौधों में ढोडे का विकास नहीं हो पा रहा तथा पौधों में खाक्रिया रोग सहित पीलापन दिनों दिन बढ़ता जा रहा है । रोग के कारण क्षेत्र में कई काश्तकार अफीम में चीरा लगाने में असमंजस की स्थिति में है । वही कई किसानों के अफीम में चिरा लगाने का कार्य भी प्रगति पर है । अब अधिकांश किसानो को 4 माह की अफीम फसल की मेहनत पर भी पानी फिर सकता है ।

# कबीर इंटरनेशनल स्कूल में मनाया बसंतोत्सव



**पिपलियामंडी, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर के मनासा रोड स्थित कबीर इंटरनेंशनल मै मनाया गया हर्षोल्लास से बसंत ऋतु उत्सव मां शारदा की प्रतिमा को पुष्पों से सुसज्जित कर विभिन्न साज सज्जा के साथ कबीर विद्यालय में बसंतोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मां शारदा की वंदना के साथ मां को पुष्प समर्पित किए गए पीले वस्त्रो में सभी विद्यार्थी एवं शिक्षाकगण आकर्षित दिखाई दिए विद्यालय प्रबंधक डॉक्टर रश्मि पमनानी एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती कोमल परमार ने शारदा मां की आरती व पूजन से कार्यक्रम को प्रारंभ किया। विद्यार्थियों को आज के दिन ऋतुराज बसंत के आगमन के साथ बसंत पंचमी का महत्व बताया गया। कक्षा चौथी के नमन धनगर ने बसंत पंचमी के महत्व को बड़े ही सरल शब्दों में विद्यार्थियों को अपने भाषण के द्वारा बताया। विश्व में सभी के मन से अज्ञान का अन्धकार विलुप्त हो एवं जन-जन ज्ञानरूपी रोशनी से अपने जीवन को उज्ज्वल बनाए यही आज के दिन का संदेश है।

# जनसुनवाई में 44 आवेदन आएं

**मंदसौर, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्री विशाल सिंह चौहान ने सुशासन भवन सभाकक्ष में ग्रामीण जनों की समस्याएं सुनी प्रति मंगलवार की तरह जिला कलेक्ट्रेट (सुशासन भवन) में साप्ताहिक जनुसनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई में जिले भर से आए 44 आवेदकों की समस्याएं सुनी। अपर कलेक्टर श्री चौहान ने अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के अधिकारियों को निर्देश दिये।



जनसुनवाई में आवेदकों ने अपनी समस्या/ शिकायत/ मांग/ आर्थिक सहायता संबंधी आवेदन दिये। जनसुनवाई में दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी आवेदकों से आवेदन पत्र प्राप्त कर उन पर समुचित कार्यवाही के लिये विभाग प्रमुखों की ओर प्रेषित किया। जनसुनवाई में बीपीएल सूची में नाम जुडवाने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास मंजूर करने, निजी भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि विवाद, बीमारी सहायता, आपसी विवाद, शिक्षा ऋण दिलाने, सामुदायिक सुविधा घर (कम्युनिटी टायलेट) बनवाने आदि विषयों के आवेदन प्राप्त हुये। जिनके निवारण हेतु संबंधित विभागाधिकारियों को निर्देश दिये।

## पाटीदार समाज का सामूहिक विवाह आज

**पिपलियामंडी, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पाटीदार समाज का 27 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 13 फरवरी को पिपलिया रेलवे ब्रिज के पास जेतपुरा, सोनी मार्ग पर होगी। जिसमें 15 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगें। समाज की धर्मशाला का लोकार्पण भी होगा। सुबह से शाम तक विवाह संबंधी विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

## बिजली तार के संपर्क में आई.... पेज 1 से जारी

को नियम विरुद्ध बढ़ाया गया था। हालांकि, वाहन सवार सभी लोग करंट महसूस होते ही कूद गए थे। इस दौरान विद्युत विभाग के कर्मचारियों को भी घटना की जानकारी दी गई। हालांकि, उससे पहले मृतक कारूलाल ने पिकअप को टच हो रहे तारों को हटाते समय पिकअप की बॉडी को छू गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना के बाद रामपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को रामपुरा के अस्पताल ले जाया गया। जहां पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनो के सुपूर्द किया गया। पिकअप वाहन को जब्त कर रामपुरा थाने पर खड़ा किया गया है।

## जिला सड़क सुरक्षा उपसमिति की बैठक कल

**मंदसौर, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला सडक सुरक्षा उपसमिति सदस्य सचिव द्वारा बताया गया कि जिला सडक सुरक्षा उपसमिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक 15 फरवरी को सायं 4 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उप पुलिस अधीक्षक के कक्ष में आयोजित की जाएगी।

## देवर ने भाभी को पीटा

**पिपलियामंडी, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** देवर ने भाभी को पीटा, पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। सोतलगंज निवासी सीमाबाई पति मोहनलाल भील ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई पति व देवर रामप्रसाद शराब पी रहे थे। मैंने मना किया तो देवरर रामप्रसाद ने गाली-गलौज कर मारपीट की व कुल्हाडी से हाथ पर मारी, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

# जिले के 14 गांवो में राजस्व सेवा शिविरों का आयोजन कल

## ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं का किया जावेगा समाधान

**नीमच, 13 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में नीमच जिले में राजस्व विभाग से संबंधित ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष राजस्व सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 15 फरवरी 2024 गुरुवार को प्रात:11 से सायं 4 बजे तक जिले की सभी तहसीलों के 14 ग्रामों में राजस्व अधिकारियों द्वारा विशेष राजस्व शिविर लगाया जाएगा।

इस अभियान के तहत नीमच नगर तहसील के ग्राम डूंगलावदा एवं जयसिहुपरा, नीमच ग्रामीण तहसील के ग्राम दारू एवं पिपलोन, जीरन तहसील के गाँव चल्दू, जावद तहसील के ग्राम तुम्बा एवं कुण्डला, मनासा तहसील के ग्राम रायसिंगपुरा, धाकडखेडी एवं खडावदा, सिंगोली तहसील के ग्राम फुसरिया, डोराई एवं झांतला, रामपुरा तहसील के गाँव पालडा में राजस्व सेवा शिविर आयोजित किये जा रहे है। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने अधिकाधिक ग्रामीणों से इन राजस्व सेवा शिविरों में उपस्थित होकर लाभ उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने ने सम्बन्धित राजस्व अधिकारियो और पटवारियों को निर्देश दिए है, कि वे कोटवारों के माध्यम से सम्बन्धित गाँव में शिविरों की सूचना ग्रामीणों और किसानो को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करे।

**स्प्रे-पेन्टर चाहिए**

✻ संपर्क ✻

7089832581

## कार्यालय कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी जिला मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक- 113/कॉलोनी/2023 दिनांक - 12/02/2024

**✻ ✻✻✻ सार्वजनिक सूचना ✻✻✻✻**

**(म.प्र. नगरपालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 के नियम 23 (2) के अन्तर्गत )**

नगर परिषद पिपलियामंडी के सीमा क्षेत्र में विद्यमान ऐसी अनधिकृत कॉलोनियां जो दिनांक 31 दिसम्बर 2022 के पूर्व से ही अस्तित्व में है, को नागरिक अधोसंरचना प्रदान करने के उद्देश्य से चिन्हित किये जाने की प्रक्रिया नगर परिषद पिपलियामंडी द्वारा प्रारंभ की जा रही हैं।

इसी प्रक्रिया के तहत उक्त निर्दिष्ट तारीख अर्थात दिनांक 31 दिसम्बर 2022 तक अस्तित्व में आई अनधिकृत कॉलोनियों को नागरिक अधोसंरचना प्रदान करने हेतु चिन्हित करने के लिए नगर परिषद द्वारा व्यापक सर्वेक्षण प्रारंभ किया गया है। सर्वेक्षण के दौरान सर्व – संबंधितजन अनधिकृत कॉलोनी से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज उपलब्ध करा सकते है। उक्त अनुक्रम में एतद् द्वारा सर्व - साधारण एवं आमजन को यह भी सूचित किया जाता है कि ऐसी अनधिकृत कॉलोनियां जो दिनांक 31 दिसम्बर 2022 तक अस्तित्व में आई है, कि पुष्टिहेतु समस्त आवश्यक जानकारी/दस्तावेज नगर परिषद पिपलियामंडी के कार्यालय में 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं।

**कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी**
**जिला-मंदसौर (म.प्र.)**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडि्या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in